जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के कुलपति और कुलसचिव ने सुरक्षा कर्मियों के साथ बैठक कर उनके कार्य करने की स्थितियों का आकलन किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो मजहर आसिफ ने कुलसचिव प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों के साथ बैठक की और उनके कार्य करने की स्थितियों और उनकी चुनौतियों का आकलन किया। यह कार्यक्रम प्रॉक्टोरियल विभाग द्वारा 22 नवंबर, 2024 को विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक के सभागार में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर प्रो मजहर आसिफ ने यह कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा कर्मियों के कार्य में काफी बदलाव आया है, जिसका उद्देश्य सहायक शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के मुखिया के रूप में विश्वविद्यालय में सुरक्षा कर्मचारियों के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह उनकी वैध चिंताओं को दूर करने के लिए सदैव उपलब्ध हैं।

जामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने में सुरक्षा कर्मियों की आवश्यक भूमिका और जिम्मेदारियों पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान प्रशासन जामिया समुदाय के किसी भी सदस्य के खिलाफ किसी भी तरह के उत्पीड़न के संबंध में सख्त शून्य-सहिष्णुता की नीति कायम रखे हुए है। ग्राउंड स्टाफ को ड्यूटी के दौरान अपनी क्षमता के अनुसार कार्य निष्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और अतिक्रमण के मामलों को संबोधित करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

मुख्य कुलानुशासक और सुरक्षा प्रभारी प्रो. नवेद जमाल ने सुरक्षा कर्मचारियों की चिंताओं को प्राथमिकता देने और स्कूल और विश्वविद्यालय दोनों क्षेत्रों के प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्यों के साथ-साथ कार्यालय स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मियों से मिलने के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए कुलपति और कुलसचिव के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलानुशासक प्रो. हरनीत कौर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उप कुलानुशासक प्रो. असद मलिक ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

उसी शाम जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव ने एक अधिसूचना जारी कर सभी मैनपावर मुहैया करने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसियों और वित्त अनुभाग को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय में सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रत्येक महीने की तीसरी तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाए।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया